तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 8 मई 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 ऑपरेशन सिंदूर से लिया बदला, भारतीय सेना ने ...

14 कोमाखान में ज्योति कलश यात्रा का किया स्वागत


दूरबीन द्वारा जांच एवं ऑपरेशन | ऑडियोमेट्री एवं बेरा टेस्ट की सुविधा | किडनी डायलिसिस उपलब्ध | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन

उपलब्ध उपचार
- कान के संक्रमण, पर्दे मे छेद की समस्या
- कान की जन्मजात बीमारियों का इलाज
- मुँह व गले के कैंसर का निदान व इलाज़
- नाक की एलर्जी, श्वास मे समस्या
- चक्कर आना
- टॉन्सिल व एडेनॉइड का इलाज़
- खर्राटों का इलाज़
- नाक की हड्डी के टेढ़ेपन का इलाज़
- नाक से खून आना, नाक मे मस्से (polyp) का इलाज़
- आवाज, श्वासनली संबंधित बीमारियों का इलाज
- थाइरोइड की समस्या का इलाज़
- नाक, कान व गले के पुराने बिगड़े हुए ऑपरेशन का इलाज़
- सुनने की जांच व मशीन (Hearing-aid) की सुविधा

डॉ. महेंद्र धवने
MS (ENT)
नाक कान गला विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध

AGRAWAL NURSING HOME
MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क इलाज उपलब्ध
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100

## खबर संक्षेप

### 11 हजार रुपए की शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** नगर के संजय कानन के पास कोतवाली पुलिस ने एक युवक के कब्जे से बड़ी मात्रा में शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि महासमुंद से बागबाहरा की ओर एक व्यक्ति एक काले रंग की स्कूटी में अवैध रूप से शराब लेकर लभरा की ओर ले जा रहा है। मौके पर पहुंचकर उक्त युवक से पूछताछ की गई। जिसने अपना नाम कैलाश नियाल पिता कामो नियाल (26 साल) निवासी वार्ड नंबर 09 छिपियापारा महासमुंद बताया। आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी प्लेन शराब (शोले) कीमत 11200 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी को 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** गाली गलौज कर मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अर्श यादव निवासी लाखागढ़ ने बताया कि वह 5 मई को भीमा रौतिया की शादी के मायन के मौके पर अपने मित्रों के साथ सम्मिलित हुआ था, जो कि रात्रि 2 बजे के आसपास गाना बजाने को लेकर आरोपी कुणाल रोहिल्ला गाली-गलौज कर हाथ-मुक्के से मारपीट करने लगा। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### चाकू से हमला

**महासमुंद।** अधेड़ पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 6 मई को शासकीय अस्पताल सरायपाली से सूचना मिली थी कि वीरेंद्र कुमार साव पिता शिवशंकर साव (45 साल) पाटसेंद्री को ईश्वर बरिहा के द्वारा चाकू मारकर घायल कर दिया गया है जिसे उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया गया है। इसके बाद मामले की रिपोर्ट प्रार्थी के भाई जोगेंद्र कुमार साव पिता शिव शंकर साव ने लिखाते हुए बताया कि हम लोग परिवार में दो भाई है। वीरेंद्र कुमार साव 6 मई को सुबह करीब 8 बजे पड़ोसी खगेश्वर बरिहा के घर काम करने गया था। करीब 11:30 बजे वीरेंद्र साव को गांव के ईश्वर बरिहा ने पुरानी रंजिश वश हत्या करने की नीयत से सीने में चाकू मार दिया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 109 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बिखराव : गुटों में बंटी कांग्रेस, युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानू चिब का हुआ नगर आगमन

# उदय का युकां के दो गुटों ने किया अलग-अलग स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानू चिब का मंगलवार को नगर आगमन हुआ। आगमन के दौरान मंच पर लगे पोस्टर में हाल ही में नगर पालिका अध्यक्ष निर्वाचित हुए निखिलकांत साहू की तस्वीर को किसी कारणवश स्थान नहीं दिया गया। बता दें कि निखिलकांत वर्तमान में युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव भी हैं। पोस्टर वार के चलते प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू एवं हाल ही में निर्वाचित जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर के गुटों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का अलग-अलग स्थानों में अभिनंदन किया।

#### भावी समय युवाओं का : उदयभानू चिब



युकां राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानू चिब ने युवाओं को संबोधित करते कहा कि कांग्रेस गरीब हितैषी पार्टी है। युवा कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता जनसेवक के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि जनहित व राष्ट्रहित सदैव समर्पित रहें। भावी समय युवाओं का है। उन्होनें युवाओं से जनहित, राष्ट्रहित के लिए युवाओं को समर्पित रहने की अपील की।



#### कार्यक्रम स्थल से पहले किया निखिलकांत ने स्वागत

राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पहले निखिलकांत साहू के नेतृत्व में ओवरब्रिज चौक पर उदयभानू चिब का भव्य स्वागत हुआ। साथ ही पोस्टर वार पर पलटवार करते हुए शहर के इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ प्रदेश महासचिव की सिंगल फोटो वाली तस्वीर लोगों के लिए चर्चा का विषय बनी रही। इस दौरान नपाध्यक्ष व युकां प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू के साथ युकां विस अध्यक्ष सौरभ लोधी, पंकज बीसी, सरायपाली से रमीज रजा, फिंगेश्वर के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, एनएसयूआई धमतरी जिलाध्यक्ष राजा देवांगन, नपा सभापति जय देवांगन, गुलशन साहू, पूर्व पार्षद रिंकू चंद्राकर, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, शुभम चंद्राकर, साहिल चक्रधारी, अमन तांडी, चमन जगत, पुष्कर साहू, मोहसिन मेमन, शम्मी खान सहित सैकड़ों युकांजन मौजूद रहे।




#### शहर में निकली मशाल यात्रा

जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा पहलगाम में शहीद हुए भारतीयों की याद में वंदे भारत मशाल यात्रा निकाली गई। जिसकी अगुवाई खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू ने अंबेडकर चौक चौक पहुंचकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम किया। मशाल यात्रा में ताम्रध्वज बघेल एवं कौशल रोहिल्ला, देवेंद्र चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, आकाश निषाद, साहिल सरफराज, अनुराग चंद्राकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, युवराज साहू, दिगेश्वर, सत्यम, चमन कुर्रे, डेविड तिलक, विकास शर्मा, भूमिका ध्रुव, लकी, डाइजेश समेत अन्य युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत



छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के प्रथम आगमन पर जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर एवं विराज चंद्राकर के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस भवन चौक में स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय के साथ प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश प्रभारी ओझा एवं आस मोहम्मद भी उपस्थित रहे। इस दौरान रश्मि चंद्राकर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, विनोद चंद्राकर पूर्व विधायक, अमरजीत चावला प्रदेश महामंत्री कांग्रेस कमेटी, मुकेश यादव पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पिथौरा, दाऊलाल चंद्राकर जिला अध्यक्ष स्काउट गाइड संघ. खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, नितिन बनर्जी जिला अध्यक्ष सेवादल, प्रदीप चंद्राकर प्रदेश महामंत्री पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अमर चंद्राकर पूर्व सभापति जिला पंचायत महासमुंद मौजूद रहे।

# जिले की दो छात्राओं ने बनाई टॉपटेन में जगह

## कलेक्टर ने विद्यार्थियों से जताई और बेहतर परिणाम की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- 10वीं में 78 .33 प्रतिशत एवं 12वीं में 84 .08 प्रतिशत विद्यार्थी रहे सफल, हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल की परीक्षा परिणाम घोषित

दसवी-बारहवी की परीक्षा के रिजल्ट बुधवार को घोषित हुए। जिले के 10 वीं कक्षा के दो छात्राओं ने टॉपटेन में जगह बनाई है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की मुख्य परीक्षा 2025 के परिणाम सामने आने के बाद स्पष्ट हुआ कि छात्रा आरती भोई हायर सेकंडरी स्कूल पैकिन ने संयुक्त रूप से छठवां स्थान हासिल किया। उन्होंने 98.33 प्रतिशत अंक हासिल किया। इसी तरह सिमरन कश्यप ने सातवां स्थान हासिल किया। वे एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंडा सरायपाली की छात्रा रही। उन्होंने 98.17 प्रतिशत अंक हासिल किया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों से आगे भी ऐसे ही परीक्षा परिणाम लाने की उम्मीद जताई।


आरती भोई


सिमरन कश्यप

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं के लिए 12515 विद्यार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 12356 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिले में 3887 छात्र और 5750 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। इस तरह बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 73.28 प्रतिशत एवं बालिकाओं का 82.15 प्रतिशत रहा। कुल परीक्षा परिणाम 78.33 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार जिले में कक्षा 12वीं में 9132 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें 9083 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 2951 छात्र और 4677 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। कक्षा 12वीं में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 80.84 प्रतिशत एवं बालिकाओं का 86.25 प्रतिशत इस तरह जिले का 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 84.08 प्रतिशत रहा।


### उधार में समान देने से मना करने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** उधार में समान देने से मना कर एक व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी और मारपीट करने का मामला सामनेआया है। सिंघोड़ा पुलिस को मोहित पटेल ग्राम बोईरमाल ने बताया कि 6 मई को गांव में रात्रिकालीन क्रिकेट खेत में हो रहा था। जहां उसका पोता टीकाराम पटेल सेमर खेत में पान गुटखा आदि सामान बेच रहा था। जिससे आरोपी गनपत नायक द्वारा उधार में सामान मांगा गया, जिसे मना करने पर वह गाली गलौज कर वाद विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद 6 मई की रात 10-11 बजे प्रार्थी खेत की मेड़ में बैठा था, उसी समय आरोपी गनपत नायक ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मे रखे धारदार वस्तु से मारकर सिर में चोट पहुंचाया है। 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।




# उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति ने किया डिजिटाइजेशन केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन

**महासमुंद।** जिला एवं सत्र न्यायालय महासमुंद में डिजिटल स्कैनिंग सेंटर अर्थात डिजिटाइजेशन केंद्र का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम वर्चुअल रूप से मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर छग उच्च न्यायालय बिलासपुर के डिजिटाइजेशन कमेटी के अध्यक्ष न्यायाधिपति नरेंद्र कुमार व्यास एवं समिति के अन्य सदस्य न्यायमूर्तिगण उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि यह डिजिटल स्कैनिंग सेंटर के माध्यम से न्यायालयीन दस्तावेजों का डिजिटलीकरण कर दस्तावेजों को सुरक्षित एवं संरक्षित रूप से रखे जाने के लिए प्रयास है। जिला न्यायालय में अभिलेखों के डिजिटाइजेशन कार्य संपादित होने से, न्यायालयीन प्रकरणों के अभिलेख के सुरक्षित रख-रखाव एवं संग्रहण में सहयोग मिलेगा। न्यायालयीन कार्रवाई में कागजों का प्रयोग कम होने से एवं भविष्य में पेपरलेस कोर्ट की अवधारणा साकार होने से न्यायालयीन कार्रवाई के समय प्रबंधन में उन्नयन होगा। इसी प्रकार पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं के लिए भी इस सुविधा से दस्तावेज प्राप्त करने एवं न्यायालयीन कार्रवाई से अवगत होने में तकनीक का सहयोग मिलने से सुलभता एवं सुगमता होगी। उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघ पुष्पा भतपहरी, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महासमुंद आनंद बोरकर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव आफरीन बानो सहित अन्य न्यायाधीशगण और विभिन्न विभागों के अधिकारी, न्यायालयीन कर्मचारीगण, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



# नगर सुराज संगम : पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्षों को समझाया स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण शहर का रोडमैप

**डिप्टी सीएम साव ने खुद संभाली प्रशिक्षण की कमान, 54 पालिकाओं और 124 नगर पंचायतों के साथ मंथन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नगर सुराज संगम के दूसरे और अंतिम दिन मंगलवार को भी प्रशिक्षण की कमान खुद संभाली और नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायतों के अध्यक्षों को पीपीटी (पावर पाइंट टैक्स्ट) के जरिए शहरों के विकास एवं जनसुविधाएं विकसित करने का रोडमैप समझाया। उन्होंने नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों के साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और अभियंताओं से संवाद कर अगले पांच वर्षों की कार्ययोजना पर चर्चा की।

**प्रेजेंटेशन में बताई ये बात :** श्री साव ने डेढ़ घंटे के अपने प्रेजेंटेशन में अटल विश्वास पत्र के प्रमुख बिंदुओं, नगरीय निकायों की चुनौतियों, नागरिकों की अपेक्षाओं, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा, शहरी वानिकी, शहरी परिवहन, स्ट्रीट लाइटिंग, कर संग्रहण और सिटी डेव्हलपमेंट प्लान के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की।

**शहरों को विकास के पथ पर दौड़ाना है :** श्री साव ने नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके निकाय उभरते हुए शहर हैं। उन्हें विकास के पथ पर दौड़ाना है। सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास से ही शहर स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनेंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि आप लोग अपने शहरों में ऐसा काम करें जो यादगार हो, शहर को नई दिशा देने वाला हो, नागरिकों की सुख-सुविधाएं बढ़ाने वाला हो, शहर को सुंदर, स्वच्छ और सुविधापूर्ण बनाने वाला हो।

### पानी की सप्लाई है बड़ी चुनौती

श्री साव ने शहरों के प्रत्येक घर में रोज पर्याप्त जल की आपूर्ति को बड़ी चुनौती बताते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर कड़ाई से अमल करने को कहा। श्री साव ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से संसाधनों के बेहतर उपयोग, नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शहर को सुविधापूर्ण बनाने देश-विदेश में स्थानीय स्वशासनों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और श्रेष्ठ प्रथाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने पार्षदों के लिए भी संभागीय स्तर पर इस तरह के प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला के आयोजन की बात कही।



### सचिव ने दी ये जानकारी

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने नगर सुराज संगम में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को केंद्र व राज्य सरकार तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) की योजनाओं की जानकारी देने इसका आयोजन किया गया है। इस दौरान नगरीय निकायों से संबंधित अधिनियमों और उनके महत्वपूर्ण प्रावधानों की भी जानकारी दी जाएगी। यह संगम दोनों तरफ से संवाद का मंच है। इस मंच के माध्यम से आप लोग नगरीय प्रशासन और विकास से जुड़ी अपनी शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान कर सकते हैं। इस कार्यशाला का आप लोग पूरा लाभ उठाएं। नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक आर. एक्का और सुडा के सीईओ शशांक पाण्डेय भी कार्यशाला में मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### विभागीय कार्यों में उदासीनता पर सीएमओ निलंबित

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने विभागीय कार्यों में रुचि नहीं लेने के कारण दुर्ग जिले के भिंभौरी नगर पंचायत के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी को निलंबित कर दिया है। विभागीय क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय, दुर्ग से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय, दुर्ग अटैच किया गया है।

### राजधानी पहुंचे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु

**रायपुर।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब पदाधिकारियों से मुलाकात के अलावा संगठन के कार्यक्रमों में शामिल होने छत्तीसगढ़ पहुंचे। एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए विधायक संदीप साहू, एनएसयूआई के महासचिव हनी बग्गा, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। श्री चिब का महासमुंद और बिलाईगढ़ में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करने के साथ गिरौधपुरी में मंदिर दर्शन का भी कार्यक्रम है, इसके अलावा बिलाईगढ़ में जाति जनगणना पर आयोजित "धन्यवाद राहुल गांधी" कार्यक्रम तथा पहलगाम घटना के विरोध में महासमुंद जिले में आयोजित "युवा आक्रोश मशाल रैली" में शामिल होंगे। बुधवार शाम को वे नियमित विमान से दिल्ली लौट जाएंगे।

### पहलगाम के मृतकों के लिए शांति भोज

**रायपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया समेत 26 लोगों की आत्मा की शांति के लिए व उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने तिरंगा वंदन मंच द्वारा कालीबाड़ी चौक पर मंगलवार को प्रार्थना सभा व शांति भोज का आयोजन किया गया। लगातार दो घंटे चले इस भोज में करीब दो हजार नागरिकों ने प्रसाद लिया व मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस सभा में राह चलते लोगों ने भी रुक-रुककर मृतकों के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। इस सभा में पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, संजय श्रीवास्तव, गिरीश दुबे, सुमन दीवान आदि ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत सरकार से आतंकवादियों पर व उनके आका पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

### नई सीएमई लेंगी डीन अधीक्षकों की बैठक

**रायपुर।** नयी चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिखा राजपूत तिवारी मेडिकल कालेज और उससे संबंधित अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने के डीन और अधीक्षकों की बैठक लेंगी। बैठक की तैयारी में तमाम मेडिकल कालेज के जिम्मेदार पिछले दो दिन से तैयारियों में जुटे हुए हैं। नयी सीएमई ने ज्वाइनिंग बाद पिछले दिनों आंबेडकर अस्पताल का निरीक्षण किया था इसके बाद राज्य स्तर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के जिम्मेदारों के साथ यह उनकी पहली बैठक होगी।

### रेडक्रास दिवस पर होगा सामूहिक रक्तदान

**रायपुर।** विश्व रेडक्रास दिवस पर 8 मई को तिल्दा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सामूहिक रक्तदान का आयोजन किया जाएगा। इस मामले में मंगलवार को रेडक्रॉस जिला शाखा रायपुर के नवनियुक्त पदाधिकारी की बैठक राजू शर्मा, चेयरमेन, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायपुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

## कई सांसद, विधायक अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर सके

# तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान, सीएम के साथ भोज की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में बीते साल प्रदेश संगठन ने प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचने का काम किया है। प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं को तीन हजार सदस्य बनाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका देने के साथ सम्मान भी करने का ऐलान किया था। सदस्यता अभियान समाप्त होने के चार माह अब जाकर कार्यकर्ताओं का सम्मान करने और सीएम के साथ भोजन कराने की तैयारी है। संभावना है इस माह यह आयोजन किया जाएगा। जहां एक तरफ प्रदेश के कई दिग्गज सांसद और विधायक अपना लक्ष्य पूरा नहीं सके, वहीं कई कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक सदस्य बनाने का काम किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जब देश भर में बीते साल सितंबर से सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया तो छत्तीसगढ़ को पहले 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया। लेकिन छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान की रफ्तार को देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने रायपुर प्रवास में भाजपा का लक्ष्य 50 लाख से बढ़ाकर 60 लाख कर दिया। प्रदेश संगठन ने इस लक्ष्य को प्राप्त भी कर लिया।

### जल्द करेंगे कार्यक्रम

वादे के मुताबिक कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा और उनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का भी मौका मिलेगा। जल्द ही आयोजन करने का प्रयास किया जा रहा है।
- अनुराग सिंहदेव, सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी




### कई सांसद-विधायक रहे पीछे

सदस्यता अभियान के लिए सांसदों के लिए जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया, वहीं विधायकों के लिए दस-दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सभी मंत्रियों और ज्यादातर विधायकों ने अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। कुछ विधायक अपना लक्ष्य प्राप्त ही नहीं कर सके। इसी तरह से सांसदों में आधा दर्जन से ज्यादा सांसद अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं सके। ये सांसद तो आधे लक्ष्य तक भी नहीं पहुंचे सके। एक सांसद तो पांच सौ सदस्य भी नहीं बना सके थे।

### कार्यकर्ताओं ने किया कमाल

जहां एक तरफ कई सांसद और विधायक लक्ष्य प्राप्त करने में सफल नहीं रहे, वहीं थोक में कार्यकर्ताओं ने तीन हजार सदस्य बनाने का काम आसानी से किया। इसी के साथ कई कार्यकर्ताओं ने दस हजार और इससे ज्यादा भी सदस्य बनाने का काम किया है। अब इन सभी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने के साथ सम्मान का इंतजार है। भाजपा नेताओं का कहना है कि सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव और इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यस्त रहे हैं। नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के बाद सभापति, उपाध्यक्षों और जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव हुआ तो सब इसमें लग गए। अब सारे काम हो गए है तो कहा जा रहा है कि जल्द ही कोई तिथि तय करते कार्यक्रम किया जाएगा और वादे के मुताबिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा और उनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन का भी मौका दिया जाएगा।

## नगरीय प्रशासन मंत्री ने पेयजल संकट को लेकर निगम अधिकारियों की ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे के अनुरोध पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मंगलवार को रायपुर नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली। श्री साव गर्मी में सुगम जलप्रदाय करनेनगर पालिक निगम को राज्य शासन के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

- राज्य शासन के साथ मिलकर कार्य योजना बनाने दिये निर्देश
- पेयजल आपूर्ति में हीला-हवाला नहीं चलेगा : अरुण साव

नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा है राजधानी शहर रायपुर में गर्मी में कहीं भी पेयजल संकट की समस्या ना आये, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। पेयजल समस्या आने पर वहाँ तत्काल टीम भेजकर पेयजल समस्या दूर करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को स्मार्ट सिटी की 24 घंटे पेयजल आपूर्ति योजना में शेष बची टेस्टिंग और कमीशनिग का कार्य तत्काल पूर्ण करने हिदायत दी। अरुण साव ने निगम के अधिकारियों से दो टूक शब्दो में कहा नागरिकों को गर्मी में पेयजल आपूर्ति करने के कार्य में लापरवाही सहन नहीं किया जायेगा। पेयजल संकट के निदान पर ली गयी अहम बैठक में महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौर, जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष- सीमा साहू, नगरीय प्रशासन एवं विकास सचिव डॉक्टर बसव राजू एस, नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के संचालक आर. एक्का, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अभिकारी शशांक पाण्डेय,नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और नगर पालिक निगम रायपुर के सम्बंधित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही.

# युक्तियुक्तकरण से पहले शिक्षकों की पदोन्नति और स्थानांतरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

कर्मचारी फेडरेशन और संयुक्त शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात कर शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों को दूर करने की मांग की है। शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से पहले लंबित पदोन्नति और स्थानांतरण करने की मांग रखी है। फेडरेशन ने कहा, युक्तियुक्तकरण लागू होने के बाद स्थानांतरण पर बेन हटाने व पदोन्नति करने से स्कूलों में शिक्षकों के पद पुनः रिक्त हो जाएंगे। यदि स्थानांतरण और पदोन्नति पहले की जाती है, फिर युक्तियुक्तकरण की सारी चीजें व्यवस्थित होंगी।

- कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन और शिक्षक संघ ने की स्कूल शिक्षा सचिव और डीपीआई से मांग

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में छग संयुक्त शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष केदार जैन, जागरूक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू एवं सर्व शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने अपनी टीम के साथ मंगलवार को शिक्षा सचिव और डीपीआई से मुलाकात की।

उन्होंने मांग की है कि 2008 के सेटअप के आधार पर युक्तियुक्त करण की मांग फेडरेशन ने की, जिसके तहत प्राथमिक शालाओं में अधिकत 60 दर्ज संख्या पर एक प्रधान पाठक सहित दो सहायक शिक्षकों को पदस्थ करने की मांग की गई। इसी प्रकार मिडिल स्कूलों में एक प्रधान पाठक सहित पांच शिक्षक पदस्थ करने ज्ञापन व मांगपत्र दिया।



### अफसरों ने दिया आश्वासन

इस पर विचार करने की बात कहते हुए डीपीआई ने कहा, जिन जिलों में पदोन्नति का मामला न्यायलयीन कारणों से बाधित नहीं है। इसके बावजूद जहां पर पदोन्नति की प्रक्रिया नहीं की जा रही है, वहां की जानकारी मुझे दीजिए, ताकि मैं इस दिशा में पहल कर सकूं। शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण के मुद्दे पर सेटअप 2008 सहित तमाम बिंदुओं को गंभीरता से रखा, जिस पर अधिकारियों ने विचार करने की बात कही।

**स्थानीय लोगों को रोजगार देना है जरूरी**

# नई औद्योगिक नीति में 10 करोड़ के पूंजी निवेश पर मिलेगा 1 करोड़ तक अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत बने छत्तीसगढ़ राज्य अंश पूंजी अनुदान नियम के तहत वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने वाली इकाइयों की स्थापना के लिए 10 करोड़ तक का निवेश करने वाले उद्यमियों को 1 करोड़ रुपयों तक का अनुदान मिल सकता है। खास बात ये है कि इन नियम के तहत कोर सेक्टर के उद्यमों को छोड़कर महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सैनिक, सेवा निवृत्त अग्निवीर, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति, निःशक्तजन वर्ग के उद्यमियों साथ एससी, एसटी वर्ग के उद्यमी इसके लिए पात्र होंगे।

- गड़बड़ी मिलने पर अनुदान वापस भी होगा



### ये हैं शर्तें नए नियम में

यह अनुदान हासिल करने के लिए ईकाई में वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ होने पर वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने के दिनांक से न्यूनतम पांच साल की अवधि तक अकुशल श्रमिकों, में न्यूनतम 100 प्रतिशत, कुशल श्रमिकों में न्यूनतम 70 प्रतिशत, तथा प्रबंधकीय-प्रशासकीय पदों पर न्यूनतम 40 प्रतिशत रोजगार राज्य के मूल निवासियों को देना होगा, लेकिन इसके साथ ही यदि भारत शासन, राज्य शासन या इसके किसी निगम, बोर्ड, मंडल, आयोग या वित्तीय संस्था, बैंक से अंश पूंजी अनुदान प्राप्त किया गया हो तो इस अनुदान की पात्रता नहीं होगी।

### इतना मिलेगा अनुदान

सरकार ने नियम में ये भी साफ किया है कि पात्र उद्यमियों को औद्योगिक ईकाई की पूंजीगत लागत का 25 प्रतिशत या अधिकतम 1 करोड़ रुपए अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए यह प्रक्रिया होगी कि सबसे पहले तो संबंधित जिला व्यापार उद्योग केंद्र में ऑनलाईन आवेदन देना होगा।

वैध उद्यम आकांक्षा के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र, भारतीय सेना से सेवा निवृत्त, राज्य के सेवा निवृत्त अग्निवीर सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति, निःशक्तजन का प्रमाण पत्र,तृतीय लिंग का प्रमाण पत्र जो जिस आवेदक पर लागू हो उसे पेश करना होगा। वित्तीय संस्था या बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति पत्र भी लगेगा।

### तो अनुदान वापस भी हो सकता है

इसी नियम में ये भी कहा गया है कि अगर किसी औद्योगिक इकाई ने कोई तथ्य छिपाए हैं, या तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया है। या सही जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है। या गलत तरीके से अनुदान स्वीकृत हुआ है तो अनुदान की राशि वापस ले ली जाएगी। अगर निवेशक से संबंधित कोई प्रमाणपत्र गलत पाया जाता है, या पात्रता से अधिक अनुदान मिल गया हो, या बैंक से तथ्यों को छिपाकर ऋण लिया गया हो अनुदान की राशि वापस करने के साथ ही 12 प्रतिशत ब्याज भी देना होगा। राशि भू-राजस्व बकाया की तरह की जा सकती है।

**अनुसूचित जाति और ओबीसी वर्ग के नेताओं को मिलेगा मौका**

# बैज बने रहेंगे अध्यक्ष, कांग्रेस में दो नए कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की तैयारी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी हो रही है। लगातार चुनावी हार के बाद नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा तेज हो गई है और इस बार कांग्रेस हाईकमान 2 कार्यकारी अध्यक्षों के फॉर्मूले पर गंभीरता से विचार कर रहा है। रायपुर से लेकर दिल्ली तक इस मुद्दे पर मंथन हो रहा है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा, लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद दीपक बैज को बदले जाने की चर्चा जोरों पर थी। कांग्रेस संगठन फिलहाल छत्तीसगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष को न बदलते हुए संगठन को मजबूती देने दो नए कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्त पर विचार कर रहा है। कांग्रेस पार्टी पूर्व में भी दो कार्यकारी अध्यक्ष के फार्मूले अंजाम दे चुकी है।

बताया जाता है कि आदिवासी वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अनुसूचित जाति और ओबीसी वर्ग के नेताओं को मौका दिया जा सकता है।

### सभी वर्गों को साधने की रणनीति

अगर यह फॉर्मूला सफल होता है, तो 2028 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस अपनी सियासी रणनीति को और धार दे सकती है। आदिवासी और ओबीसी समीकरण को साधने से पार्टी को सत्ता में वापसी का मजबूत आधार मिल सकता है। पार्टी में असंतोष दूर करने के लिए सभी वर्गों को साधने प्रभारी सचिवों के माध्यम से सभी जिलों में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का प्रयास जारी है।



### संतुलन बनाकर साधने की कोशिश

इन नेताओं की सक्रियता भी संकेत दे रही है कि वे भी किसी महत्वपूर्ण भूमिका में आ सकते हैं। कांग्रेस हाईकमान संतुलन बनाकर दोनों प्रमुख वर्गों को साधने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा भी कई ऐसे पूर्व विधायक हैं, जिनके नाम दिल्ली तक पहुंच चुके हैं। कांग्रेस हाईकमान को संतुलन बनाने के लिए जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों पर गंभीरता से विचार करना होगा।

# भाजपा सरकार को चेतावनी देने आज कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

बिलासपुर में 8 मई को आयोजित कांग्रेस की राज्य स्तरीय 'संविधान बचाओ रैली' को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, केंद्र की अधिकनायकवादी मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को तार-तार कर दिया है। देश के संसाधनों पर अपने पूंजीपति मित्रों का एकाधिकार बनाने लगातार जन विरोधी निर्णय थोपे जा रहे हैं, जिसके खिलाफ कांग्रेसजन हर स्तर पर लड़ाई लड़ रहे हैं। जातिगत जनगणना पर मोदी सरकार का यू टर्न नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के संघर्ष की जीत है। सामाजिक न्याय को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के परिश्रम की जीत है।

- जातिगत जनगणना पर मोदी सरकार का यू टर्न, कांग्रेस की जीत- बैज



उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दबाव में आकर जातीय जनगणना कराने के लिए यू-टर्न लिया है। भाजपा के नेता जातिगत जनगणना के मांग को देश तोड़ने की साज़शि बताते थे। संसद में जातीय जनगणना की मांग करने वालों को बीजेपी के सांसद अर्बन नक्सल कहते थे, वे अब मोदी का मास्टर स्ट्रोक बता रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इस मांग पर जीत होने पर विजय सभा के रूप में संविधान बचाओ रैली करेगी।

### तीन प्रमुख मांगों को लेकर जनता के बीच जाएगी

उन्होंने बताया कि अब कांग्रेस तीन मांगों प्रमुख मांगों को लेकर जनता के बीच जाएगी और केंद्र की मोदी सरकार पर दबाव बनाएगी। पहला आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाने की मांग, दूसरा केंद्र की सरकार ने नेशनल बजट के एलोकेशन में एस, एसटी के लिए बजट दुर्भावना पूर्वक कम किया जा रहा है, उसे बढ़ाया जाए। पॉपुलेशन के आधार पर बजट हो। सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के युवाओं को प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण दिया जाए।

**खबर संक्षेप**

## 60 हजार का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने बाइक सवार युवक से 60 हजार रुपए का 6 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि 6 मई को सूचना मिली थी कि ओडिशा उरईदादर से छत्तीसगढ़ की ओर सल्डींह रोड से मोटर सायकल से गांजा लेकर जाने का संदेह है। सूचना के बाद ग्राम जामजुड़ा चौक सल्डीह रोड पहुंचकर नाकाबंदी किया गया। करीबन 12.30 बजे एक बिना नंबर बजाज पल्सर मोटर सायकल से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया, जो रोके जाने पर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम घनश्याम मनहर पिता शंकरलाल मनहर (22 साल) बकलोटा थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का निवासी होना बताया। पीठ में लटकाये पिट्ठू बैग में गांजा होना बताया। तलाशी के दौरान बैग के अंदर सफेद हरा रंग की झिल्ली में लिपटा 06 पैकेट पदार्थ गांजा बरामद किया गया। गांजा को गवाहों के समक्ष तौल कराया गया, 6 किलो 30 ग्राम कीमत 60000 रुपए होना पाया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, केस दर्ज

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने एक्सीडेंट में एक युवक की मौत के मामले में जांच के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 11 मार्च को राजातालाब के पास एक्सप्रेस-वे ब्रिज पर हुई थी। मनीष शिंदे निवासी बच्चन कॉलोनी गुढ़ियारी का रहने वाला था। घटना के समय मृतक एक्टिवा से जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस घटना की जांच के बाद धारा 106 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## मकान में धावा, 96 हजार के जेवर पार

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में एक मकान में चोरी हो गई। प्रार्थी खेमिन ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 28 मार्च से लेकर 29 अप्रैल के दौरान उसके कुकुरबेड़ा स्थित मकान में कोई चोर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने के जेवर चोरी कर ले गया। चोरी गए जेवर की कीमत लगभग 96 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है।

**आयोजन : महासमुंद के वार्ड क्रमांक 06 में समाधान शिविर का आयोजन, समस्याओं को लेकर मिले आवेदन**

# समाधान शिविर का उद्देश्य है कि योजनाओं की पहुंच आम नागरिकों तक हो: विधायक योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी, हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किया गया

सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र का पहला समाधान शिविर कुंवर दिलीप सिंह जूदेव टाउन हॉल वार्ड क्रमांक 06 में आयोजित किया गया। इस शिविर में वार्ड क्रमांक 2 से लेकर 11 तक के नागरिकों ने भाग लिया और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन कार्ड वितरण किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, जिला स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, स्थानीय पार्षदगण एवं अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम हरिशंकर पैकरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम विभागीय स्टॉल का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली एवं हितग्राहियों से भी बातचीत की।

अतिथियों ने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में रक्तचाप परीक्षण कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय द्वारा जनता को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना हमारा साझा लक्ष्य है। इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर देश और प्रदेश की प्रगति के लिए कार्य करना होगा। जब सभी नागरिक मिलकर प्रयास करेंगे, तभी विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो सकेगी और विकसित छत्तीसगढ़ बन सकेगा। विधायक सिन्हा ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अनाधिकृत रूप से आकर बसने वाले एवं प्रवासी नागरिकों की पहचान, उनके निवास की जानकारी तथा आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि कोई भी व्यक्ति बिना उचित पंजीकरण के क्षेत्र में निवास न करें।

उन्होंने पुलिस विभाग को साथ ही आवश्यकतानुसार पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग को भी सतत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश सरकार की सोच है कि आम जनता की समस्याओं का निदान उनके गांव घरों में जाकर किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या से रूबरू होने जनता के द्वार में ही शिविर लगाया गया है। जहां समस्याओं का निदान होगा। उन्होंने नागरिकों से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योजनओं का लाभ उठाएं।



### समस्याओं के समाधान के लिए शिविर एक कड़ीः नपाध्यक्ष

नगरपालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने इस अवसर पर कहा कि जनता की मांग और समस्याओं के समाधान के लिए यह शिविर एक कड़ी की भांति है। जहां समस्याओं का समाधान अधिकारी करेंगे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण त्वरित एवं गंभीरता पूर्वक करने के निर्देश दिए। स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि सरकार की मंशा है कि शिविर के माध्यम से उनकी समस्याओं का निदान हो। शिविर की सार्थकता तभी है, जब लोग अपनी समस्याओं को लेकर यहां तक पहुंचे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नागरिकों के द्वारा दिए गए आवेदनों का निराकरण अवश्य होगा। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्र में विकास के लिए अनेक प्रयास कर रही है। शहरी क्षेत्र के विकास के लिए यह सरकार प्रतिबद्ध है। नगर के विकास के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है।



### शिविर में सेहत जांच कर बांटी गई निःशुल्क दवाइयां

शिविर में पहुंचे नागरिकों का स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें आवश्यकता अनुसार दवाइयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाइयों का वितरण किया गया। कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, जिला सहकारी, वन विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग आदिम जाति विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पार्षदगण सीता तोंडेकर, कल्पना सूर्यवंशी, ओमिन कागजी, हरबंश सिंह ढिल्लो, सूरज नायक, मुस्ताक खान, पीयूष साहू, राहुल आवड़े, महेंद्र सिक्का, सुधा साहू, मनीष बग्गा, पूर्व पार्षद मीना वर्मा, आनंद साहू, राहुल चंद्राकर, नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामी आदि मौजूद थे।

# शरीर में रक्त की कमी वाला गंभीर, जीवनभर के लिए रोग होता है थैलेसीमिया : डॉ. मखीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



- थैलेसीमिया दिवस आज : चिकित्सक ने दी बचाव की जानकारी

शिशु, बाल्य व किशोर स्वास्थ्य विशेषज्ञ, पूर्व अध्यक्ष बाल्य स्वास्थ्य अकादमी छग व थैलेसीमिया रोग पर 20 वर्षों से अधिक अनुभवी डॉ किरण माखीजा ने बताया कि हर वर्ष 8 मई को थैलेसीमिया दिवस के रूप में मनाया जाता है।

यह एक शरीर में रक्त की कमी वाला गंभीर, जीवनभर के लिए बना रहने वाला रोग होता है। यह रोग बच्चों को जन्म से ही माता-पिता से प्राप्त एक अनुवांशिक रक्त विकार जींस द्वारा होता है। इस रोग में शरीर के रक्त में मौजूद लाल कण (हीमोग्लोबिन) में अत्यंत जरूरी प्रोटीन (ग्लोबिन) में खराबी होने से होता है। इससे शरीर में खून बनने की प्रक्रिया पर्याप्त तौर पर नहीं हो पाती है और लाल कण युक्त रक्त कोशिकाएं पैदा होने के बाद तेजी से नष्ट हो जाती है। अतः इस बीमारी में बच्चों को बचपन से ही खून की कमी और उसके लक्षण दिखने लगते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार अपने भारत देश में हर वर्ष औसतन दस हजार थैलीसीमिया विकार पीड़ित शिशु पैदा होते हैं। भारत में करीब 11 लाख रोगी मौजूद हैं। छत्तीसगढ़ में अनुमानित 20000 से 25000 पीड़ित संख्या होगी।

जरूरी उपायों के बारे में डॉ. माखीजा ने बताया कि माता-पिता दोनों माइनर जींस रखते है, तब उनके होने वाली संतानों में मेजर थैलेसेमिया, जो काफी घातक रक्त विकार है ,होने की संभावना होती है। यह अत्यावश्यक है कि विवाह से पहले महिला-पुरुष (विवाह के पश्चात माता-पिता) दोनों अपने रक्त में थैलेसीमिया की जांच अवश्य करा लें। गर्भावस्था के दौरान गर्भस्थ शिशु की थैलेसीमिया जांच की जा सकती है। विवाह पूर्व जांच को प्रेरित करने के लिए एक स्वास्थ्य कुण्डली का निर्माण किया गया है, जिसे विवाह पूर्व वर-वधु को अपनी जन्म कुंडली के साथ साथ मिलवाना चाहिए। स्वास्थ्य कुंडली में कुछ जांच की जाती है।

# महाविद्यालय में मॉक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम विद्यार्थियों को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (मप्र- छग) भोपाल के आदेशानुसार 7 मई 2025 को प्रो. करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं एवं डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो के निर्देशन में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। राष्ट्रीव सेवा योजना इकाई एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए नागरिक सुरक्षा नियम 1968 की धारा 19 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गृह मंत्रालय भारत सरकार ने 7 मई 2025 को देश के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा, जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास के तहत यह मॉक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत कर उसे बढ़ावा देना है। लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर ने विद्यार्थियों को बताया कि यदि किसी प्रकार की हवाई हमले या शत्रुतापूर्ण हमले से प्राथमिक उपचार कैसे करना चाहिए, उसको बताया गया। साथ ही हमें उस समय में हमारे पास उससे बचने के क्या साधन है उसको पहले देखना है। फिर उसकी सहायता से अपनी रक्षा करना है। मॉक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम में डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ ईपी चेलक, मनीराम धीवर, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो महिला इकाई, प्रकाशमणि साहू, रोहित ढीमर सहित रासेयो, एनसीसी एवं महाविद्यालय के समस्त संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नियमित वालों के प्रमोशन की संभावना से संविदा डाक्टरों को टेंशन, एक सीनियर डाक्टर ने छोड़ी नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



चिकित्सा शिक्षा विभाग में नियमित डाक्टरों की भविष्य में होने वाली पदोन्नति की संभावना के बाद संविदा आधार पर सेवा देने वाले चिकित्सकों का टेंशन बढ़ गया है। प्रमोशन के दौरान संबंधित पद पर नियमित डाक्टर मिलने से उनकी नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाएगी। इस परेशानी को ध्यान में रखते हुए रायपुर मेडिकल कालेज के एक सीनियर डाक्टर ने इस्तीफा दे दिया है। तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वेतन बढ़ाए जाने की घोषणा के बाद भी संविदा चिकित्सकों को अपनी भविष्य की चिंता सता रही है, जिसकी वजह से संविदा डाक्टरों की भर्ती की प्रक्रिया को बड़ी सफलता नहीं मिल पा रही है।

जानकारी के अनुसार शासकीय मेडिकल कालेज के बायो केमेस्ट्री विभाग में प्रोफेसर के रूप में सेवा देने वाले चिकित्सक डा. पीके खोडियार करीब बीस साल से संविदा आधार पर अपनी सेवा दे रहे थे। उनके साथ काम करने वाले कनिष्ठ चिकित्सक जो नियमित हैं, वे प्रमोशन के पात्र हो चुके हैं और आने वाले दिनों में प्राध्यापक बनाए जाने के बाद डा. खोडियार की संविदा वाला पद स्वतः समाप्त हो जाता है। लंबे समय से सेवा देने के बाद भी उन्हें और ऐसे कई चिकित्सकों नियमित नहीं किया गया है। पीएससी के माध्यम से जिनकी सीधी भर्ती हुई है, उन्हें प्रमोशन का लाभ मिलेगा, जिसके बाद संविदा वालों के कई पद समाप्त हो जाएगा। भविष्य को लेकर चिंतित संविदा डाक्टर बेहतर विकल्प की तलाश में हैं।

### डीके अस्पताल दूसरा उदाहरण

सूत्रों के अनुसार डीकेएस सुपरस्पेशलिटी विभाग में सेवा देने वाले 80 फीसदी चिकित्सा संविदा आधार पर अपनी सेवा दे रहे हैं। वहां भी भर्ती के लिए लगातार प्रयास होते हैं मगर पूरी फैकल्टी की व्यवस्था नहीं हो पाती है। वहीं निजी अस्पतालों में सेवा देने बड़े पैकेज का ऑफर मिलने पर अक्सर संविदा चिकित्सक अपनी नौकरी छोड़ देते हैं। आंबेडकर अस्पताल में भी इस्तीफे का मामला पूर्व में सामने आ चुका है। तर्क यह भी दिया जा रहा है कि संविदा डाक्टरों को अगर नियमित किया जाता है कि तो फैकल्टी की कमी काफी हद तक पूरी की जा सकती है।

# पूर्व सैनिक सेवा संघ की बैठक में अनेक विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 4 मई को शाम 5 बजे पूर्व सैनिक सेवा संघ की बैठक रखी गई थी। जिसमें पूर्व सैनिक सेवा संघ के नए पदाधिकारी का पदभार बताया गया। अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, प्रेमनाथ दीवान, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुंडा, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल सोनी, सचिव मीडिया प्रभारी के रूप में जानकारी दी गई। बैठक में प्रतिमाह दूसरे रविवार को मासिक बैठक के लिए सर्वसम्मति से निर्धारित किया गया। जिसमें सभी की सहमति रही। सभी को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपेक्षा की गई। पुराने सदस्य को जो संघ में कार्यशील नहीं है उन्हें पुनः जोड़ने बाबत चर्चा की गई। साथ में संघ की संख्या वृद्धि के लिए नए सदस्यों को जोड़ने के लिए आवश्यक पर चर्चा की गई। संगठन का कार्य ईमानदारी एवं निष्ठा से आगे बढ़े इस पर सभी का सुझाव लिया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि शहीद स्मारक खरोरा 2020 को भूमिपूजन किया गया था 2021 में शहीद स्मारक का निर्माण 26 जुलाई को पूर्व सैनिक संगठन द्वारा किया गया। जिसमें गांव खरोरा के लोगों का सहयोग रहा। शहीद स्मारक खरोरा को 4 वर्ष पूरा हो गया।

**न्यायालय कार्यपालन दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार महासमुंद, जिला-महासमुंद**

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि ग्राम खैरा निवासी आवेदक आशाराम साहू पिता बिसनाथ जाति तेली द्वारा आवेदक के पिता बिसनाथ निवासी ग्राम खैरा तहसील व जिला महासमुंद की मृत्यु दिनांक 10/03/2003 को हो चुकी है तथा आवेदक के पिता बिसनाथ पिता ऊजयार तहसील व जिला महासमुंद की मुत्यु दिनांक 10/03/2003 को हो चुकी है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय की पेशी तारीख 20/05/2025 को पेश कर सकते है। नियत तिथी पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 06/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

(मुहर) नायब तहसीलदार
महासमुंद

**न्यायालय कार्यपालन दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार महासमुंद, जिला-महासमुंद**

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि ग्राम खैरा निवासी आवेदक आशाराम साहू पिता बिसनाथ जाति तेली द्वारा आवेदक की माता बिटावन निवासी ग्राम खैरा तहसील व जिला महासमुंद की मृत्यु दिनांक 26/05/2010 को हो चुकी है तथा आवेदक की माता बिटावन पति बिसनाथ तहसील व जिला महासमुंद की मुत्यु दिनांक 26/05/2010 को हो चुकी है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय की पेशी तारीख 20/05/2025 को पेश कर सकते है। नियत तिथी पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 06/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

(मुहर) नायब तहसीलदार
महासमुंद

# सुशासन तिहार में सबसे ज्यादा 5900 आवेदन आवास के, रेलवे की जमीन पर बसी बस्तियों से 1600 फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के जोनों के 70 वार्ड में लगाये गये सुशासन तिहार शिविर में सबसे ज्यादा मांग आवास की रही। रेलवे की जमीन पर पटरी किनारे बसी बस्तियों से 1600 आवेदन आवास के प्राप्त हुए, जिसमें लोगों ने उसी जगह पर आवास उपलब्ध कराने अर्जी लगाई है। रमण मंदिर वार्ड के चूनाभट्ठी इलाका और वीरांगना अवंतिबाई वार्ड के डब्लूआरएस कालोनी से थोक में आवेदन मिले हैं। जबकि यह जमीन रेलवे की है इसलिए अफसर पेशोपश में हैं। सुशासन तिहार में आवास के सबसे ज्यादा 5,900 आवेदन मिले हैं। ज्यादातर आवेदन ऐसे हैं जिसमें दस्तावेज अपलोड नहीं किया गया है, ऐसे में आवेदकों को फोन कर उनसे ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड करने कहा जा रहा है।

दरअसल, नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में सुशासन तिहार के पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक वार्ड स्तर पर शिविर लगाकर आम जनता से उनकी मांगों ओर शिकायतों को ऑनलाइन -आफलाइन दर्ज किया गया। इस दौरान 12,543 मांगें और 2,114 शिकायतें प्राप्त हुयीं। इसमें सबसे ज्यादा 5,900 आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों के मिले, जबकि नाले-नाली की सफाई और मोहल्ले में कचरा उठाने के संबंध में 733 शिकायतें मिलीं। चौंकाने वाली बात ये रही कि रेलवे पटरी के किनारे रेलवे की जमीन पर बसी बस्तियों में रहने वाले 1600 लोगों ने उसी जगह पर मकान देने आवेदन किया है, जबकि नियम अनुसार रेलवे की जमीन पर आवास निर्माण की अनुमति नहीं है। ऐसे में संबंधित आवेदक को नगर निगम केवल व्यवस्थापन के तहत नियम अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास उपलब्ध करा सकता है।

### पेयजल समस्या के लिए 349 आवेदन

सुशासन तिहार शिविर में पेयजल समस्या को लेकर 349 आवेदन आये हैं। इसमें पानी सप्लाई के लिए लाइन बिछाने की मांग,वाल्व में सुधार, पानी का प्रेशर कम आने की शिकायत शामिल है। इसी तरह सफाई को लेकर 733 आवेदन मिले। इसमें जनता ने सफाई में लापरवाही से को लेकर व्यवस्था सुधारने आवेदन किया है।



## खबर संक्षेप

### बड़गांव के कक्षा पांचवी में आंचल रही प्रथम

**महासमुंद।** प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा कक्षा पांचवी का परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें प्राथमिक शाला बड़गांव के कक्षा पांचवी में 9 बालक व 20 बालिकाएं अध्ययनरत थे। परीक्षा परिणाम 96.5 प्रतिशत रहा। इसमें आंचल पटेल पिता पन्नालाल पटेल ने 91 प्रतिशत अंक के साथक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 90 प्रतिशत अंक के साथ हिमांशु चक्रधारी पिता लेखराम चक्रधारी द्वितीय स्थान व मधु निषाद पिता श्रवण निषाद 84 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इस सफलता के लिए प्रधान पाठक खेमन कुमार साहू, शिक्षक गोवर्धन प्रसाद साहू, शिक्षिका लेखनी साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण चक्रधारी, उपाध्यक्ष संतोष निषाद, सदस्यगण पन्नालाल पटेल, ललित निषाद ने हर्ष जताया है। वहीं पूर्व सरपंच प्रतिनिधि संतोष निषाद ने कक्षा पांचवी में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों को एक-एक हजार रुपए पुरस्कार देने की घोषणा भी किए है।

### चिकित्सा महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आज

**महासमुंद।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर 8 मई को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय महासमुंद स्थित ब्लड बैंक में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, जरूरतमंदों को जीवनदान प्रदान करना है। शिविर के आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह, उपाध्यक्ष भूपेंद्र राठौर, सभापति संदीप दीवान, उपसभापति डॉ. राकेश कुमार परदल, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पी कुदेशिया तथा जिला संगठन एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी ने जिले के नागरिकों, युवाओं एवं समाजसेवी संगठनों से अधिकाधिक संख्या में रक्तदान कर मानवता की सेवा में सहभागी बनने का आव्हान किया है।

### समाधान शिविर में 12 हितग्राहियों को मिली पेंशन स्वीकृति पत्र

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करने तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार-2025 का क्रियान्वयन किया जा रहा है। सुशासन तिहार-2025 अंतर्गत तीसरे एवं अंतिम चरण में 06 मई को विकासखंड बसना के ग्राम पंचायत गनेकेरा में आयोजित समाधान शिविर में सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा समाज कल्याण विभाग के कुल 10 हितग्राहियों, जिसमें ग्राम रसोड़ा के गुणनिधि, ग्राम कोलिहादेवरी के गदाधर, यशोदा, गणेशराम, ग्राम गनेकेरा के रामपाल, पिरीतराम, शौकीलाल तथा ग्राम भैंसाखुरी के सुरीतराम, पुरनसिंग, दौलतराम को पेंशन योजना के तहत स्वीकृति पत्र प्रदाय किया गया।

**उत्साह : सेना द्वारा किए गए शौर्यपूर्ण कार्य के लिए भाजपाइयों और लोगों ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न**

# ऑपरेशन सिंदूर से लिया बदला, भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर किया एयर स्ट्राइक:योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब देते हुए मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात भारतीय सेना ने पाकिस्तान के पीओके में एयर स्ट्राइक किया। इस स्ट्राइक में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। इन जगहों पर लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स को टारगेट किया गया। स्ट्राइक में कई आतंकवादी मारे गए हैं। सेना द्वारा किए गए इस शौर्यपूर्ण कार्य के लिए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में भाजपा नेताओं और आमजनों ने नगर के नेहरू चौक में आतिशबाजी कर जश्न मनाया। साथ ही एक दूसरे का मुंह मीठा कर इस अवसर की बधाई दी। सभी ने भारत माता की जय और भारतीय सेना के जिंदाबाद के नारे लगाए।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में कई बार आतंकवाद फैलाने की कोशिश की और हर बार उसे कड़ा जवाब मिला। पहले उरी में जवानों पर हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक की गई, फिर पुलवामा हमले में 40 जवानों की शहादत के बाद एयर स्ट्राइक की गई। इस बार कश्मीर में आतंकियों ने हमारे 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या की, जिसके बाद पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है।



**ऑपरेशन सिंदूर से लिया बदला**

पहलगाम हमले के 15 दिन बाद पाकिस्तान पर यह जवाबी कार्रवाई की है। इसका नाम ऑपरेशन सिंदूर दिया गया है। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। यह उन परिवारों के लिए सांत्वना है जिन्होंने अपनों को खोया है।

पहलगाम हमला कायरतापूर्ण था। इसमें परिवार के सामने लोगों की हत्या की गई। बचे हुए लोगों से कहा गया कि वे इस हमले का संदेश पहुंचाएं। अब उन्हें कड़ा संदेश मिल चुका है। इस छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, अन्य नेतागण हरवंश सिंह, सुधा साहू, मीना वर्मा, जय चोपड़ा, श्याम साकरकर, चंद्रबदन मिश्रा, आनंद गिरी, राहुल चंद्राकर, हनीश बग्गा, पप्पू ठाकुर, पीयूष साहू, जितेंद्र साहू, सुमित जैन, आनंद साहू, रितेश गोलछा, विजय महतो, महेंद्र सिका, चंद्रशेखर बेलदार, शरद राव, राकेश सचदेव सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कश्मीर को पिछड़ा बनाए रखने की साजिश

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान आतंकियों को पनाह देता आ रहा है। आतंकी कभी नहीं चाहते कि कश्मीर में विकास हो। पिछले कुछ सालों में कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। पहलगाम हमले का मकसद था कि कश्मीर के विकास और प्रगति को नुकसान पहुंचाकर पिछड़ा बनाए रखा जाए। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार यह कभी नहीं होने देगी।

# पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर सेना की सर्जिकल स्ट्राइक देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय सेना द्वारा 7 मई को पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर किए गए हमला को देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक बताते हुए भाजपा पदाधिकारियों ने सेना के जवानों का हौसला बढ़ाते हुए नेहरू चौक में भव्य आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण कर सेना के मिशन ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की खुशियां मनाई।

भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कइयो भारतीयों ने अपने परिवार को खोया है और महिलाओं का सुहाग पाकिस्तानी आतंकियों ने उजाड़ा है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत (पीओके) के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक हमला कर उन्हें ध्वस्त किया है, जो भविष्य में होने वाले घटनाओं से सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण जवाबी कार्रवाई है। यह सभी देशप्रेमी भारतीयों के लिए गर्व और गौरव की बात है। देश का नागरिक भारत की सेना के साथ है।



### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कृषि एवम बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, श्याम साकरकर, हरवंश सिंह नानू भाई, मीना वर्मा, राहुल चंद्राकर, गोपाल वर्मा, पीयूष साहू, आनंद साहू, जितेंद्र साहू, हिमांशु चंद्राकर, शरद राव, हनीश बग्गा, महेश मक्कड़, विक्की गुरुदत्ता, भरत खत्री, जितेंद्र साहू, उषा पाल, महेंद्र सिक्का, अजय चोपड़ा, भूपेंद्र सर्वा, पप्पू ठाकुर, दिनेश बेहरा, विक्रम ठाकुर, सुदर्शन सहित भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी, जनप्रतिधिगण, कार्यकर्ताओं के साथ प्रबुद्ध नागरिकगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सब्या नाग और पूजा भोई को मौके पर मिला श्रम पंजीयन कार्ड का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत 6 मई को बसना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गनेकेरा में आयोजित समाधान शिविर में सब्या नाग और पूजा भोई को श्रमिक पंजीयन कार्ड प्रदान किया गया। शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का मौके पर त्वरित समाधान करना और शासन की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना रहा। शिविर में गनेकेरा की सब्या नाग और ग्राम नवागांव की पूजा भोई के द्वारा नए श्रमिक कार्ड के लिए आवेदन किया गया, जिसकी पंजीयन प्रक्रिया उसी समय शिविर स्थल पर पूरी कर ली गई। श्रम विभाग ने दोनों श्रमिकों को तुरंत पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किया। ये प्रमाण पत्र महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी और बसना विधायक संपत अग्रवाल द्वारा प्रदान किए।

पंजीयन कार्ड मिलने पर सब्या नाग ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, मुझे इस शिविर की जानकारी ग्राम पंचायत के माध्यम से मिली। पहले मुझे श्रम कार्ड बनवाने के लिए कई बार दफ्तर जाना पड़ा था, लेकिन यहां एक ही दिन में मेरा पंजीयन हो गया। इससे मुझे अब विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। यह शिविर हमारे जैसे ग्रामीण मजदूरों के लिए बहुत मददगार है। वहीं पूजा भोई ने कहा मैं लंबे समय से श्रमिक कार्ड बनवाना चाहती थी। लेकिन, जानकारी और संसाधनों की कमी के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा था। इस शिविर की वजह से न सिर्फ मेरा पंजीयन हुआ, बल्कि मुझे यह भी समझ में आया कि श्रमिकों के लिए कौन-कौन सी योजनाएं सरकार चलाती है।

# कोमाखान में ज्योति कलश यात्रा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

- युग साहित्य का नि:शुल्क वितरण भी किया गया

गायत्री परिवार के संरक्षक गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य को सद्गुरुदेव की प्राप्ति, अखंड अटूट संकल्प के प्रतीक अखंड दीप का प्राकट्य एवं शक्ति स्वरूपा माता का अवतरण इन तीनों ही युगान्तारीय घटनाओं की शताब्दी के अवसर पर ज्योति कलश यात्रा का कोमाखान पर आगमन हुआ। इस दिव्य यात्रा में अनेक श्रद्धालुओं एवं गायत्री परिजन ने अखंड दीप ज्योति कलश के दर्शन पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित किए। उपस्थितजनों को युग साहित्य का निःशुल्क वितरण भी किया गया। केआर सोनी, डिगेश साहू, आशीष वाकडे, अनिल द्विवेदी, सेवाराम साहू, नारायण साहू, सदाशिव गौतम, कुसुम ठाकुर, चित्ररेखा मिश्रा, आशा सोनी, संतोषी साहू ने विधिवत पूजन अर्चन किए। इस अवसर पर बागबाहरा शक्तिपीठ की बहनों की टोली और प्रतिनिधि के रूप में महेंद्र सिंह ठाकुर, तुकाराम साहू सहित स्थानीय परिजन देवानंद वेदव्यास, मूलचंद साहू, विशाल ठाकुर आदि उपस्थित थे। यह जानकारी केआर सोनी ने दी है।



# साय सरकार का सुशासन तिहार एक राजनीतिक स्टंट : रश्मि

## विधानसभा चुनाव में किए थे अनेक वादे, ध्यान भटकाने सुशासन तिहार मना रही राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने साय सरकार के सुशासन तिहार को राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के समय छत्तीसगढ़ की 1 करोड़ महिलाओं से महतारी वंदन का फार्म भरवाए, 18 लाख पीएम आवास देने का फर्जी दावा किए, 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का झूठा वादा किए, अब उस वादाखिलाफी से ध्यान भटकाने सुशासन तिहार के नाम पर एक बार फिर आवेदन जमा किए जा रहे है। सरकार का फोकस समस्या के निराकरण में नहीं है। सरप्लस बिजली वाले छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से बिजली कटौती आम हो गया है। पेयजल व्यवस्था बदहाल है, बूंद-बूंद पानी के लिए जनता तरस रही है, मनरेगा के श्रमिक काम के इंतजार में खाली बैठे हैं, शिक्षकों की भर्ती रोक दी गई है, अस्पतालों में जांच, इलाज, दवा का अभाव है और यह सरकार जन सरोकार से आंख मूंदकर सुशासन तिहार मना रही है। आगे डॉ रश्मि ने कहा है कि सुशासन तिहार के दौरान प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री से पूछा जाता है कि पेट में दर्द है तो सीएम साहब सिरदर्द का इलाज़ बताने लगते हैं। बेहद स्पष्ट है कि रिमोट से संचालित सरकार का दायरा मोदी की गारंटी के गुणगान तक सीमित कर दिया गया है। केवल एक पक्षीय संवाद से असल समस्या का हल संभव नहीं है, क्या सुशासन तिहार के नाम पर यह सरकार केवल इवेंटबाजी कर रही है। इसी तरह से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनदर्शन कार्यक्रम में प्रत्येक गुरुवार को आम जनता से प्रत्यक्ष रूबरू होने का वादा किया था, जनता इंतजार करती रही और भेंट मुलाकात अघोषित तौर पर बंद कर दिया गया। सुशासन तिहार का सच यह है कि सवा साल के भीतर ही है सरकार इतनी अलोकप्रिय हो चुकी है कि प्रदेशभर के लगभग हर परिवार से एक शिकायत और मांग इस सरकार को सीधे तौर पर भेजी गई है। साहस है तो भाजपा सरकार उन सभी शिकायत और मांग उन पर की गई, अब तक की कार्रवाई को पब्लिक डोमेन में जारी करें। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कि सवा साल के भीतर ही शांति का टापू कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ को भाजपा की सरकार ने अपराध गढ़ बना दिया है। हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, चाकूबाजी की घटनाएं बेतहाशा बढ़ गई हैं। अवैध शराब, अवैध महुआ शराब बिक्री जोरों पर, भू-माफिया और रेत माफियाओं के गुंडागर्दी की शिकायत है, रोज उजागर हो रही है।



### युक्तियुक्तकरण से समन्वयक को मिले छूटः मिश्रा

**महासमुंद।** छग संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ द्वारा वर्तमान परिपेक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे युक्तियुक्तकरण में छूट की मांग की जा रही है। इस मांग को लेकर पुरंदर मिश्रा, विधायक-रायपुर शहर उत्तर से छत्तीसगढ़ शैक्षिक संकुल समन्वयक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा है। विधायक को बताया गया कि वर्ष 2014 में हुए युक्तियुक्तकरण में संकुल समन्वयकों को इससे छूट दी गई थी। संकुल समन्वयक शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं के संचालन में महत्वपूर्ण कड़ी है। एकाएक उन्हें बड़े पैमाने पर युक्तियुक्तकरण द्वारा हटाकर नए शिक्षकों को प्रभार मिलने से कामकाज प्रभावित होगा, जिससे स्कूल व्यवस्था पर बुरा असर पड़ेगा। विधायक पुरंदर मिश्रा ने इस विषय पर प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि वे इस विषय पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बात कर सकारात्मक परिणाम देने का पहल करेंगे। इसके उपरांत समन्वयक संघ ने समग्र शिक्षा के एमडी संजीव झा से मुलाकात की और उन्हें युक्तियुक्तकरण से समन्वयक को मुक्त रखा जावे पर ज्ञापन सौंपा, जिस पर पत्र को राज्य शासन को भेजने की बात कही। साथ ही संकुलों को 50 प्रतिशत राशि जारी करने का निवेदन किया गया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर जल्द लिमिट जारी करने का आश्वासन दिया। समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ एनपी मिश्र, उपप्रांताध्यक्ष ओपी बघेल, रामचंद्र सोनवंशी ने कहा कि समन्वयक को युक्तियुक्तकरण से छूट के लिए राज्य सरकार को जल्द आदेश जारी करना चाहिए। इस दौरान डॉ मिश्रा, बघेल, सोनवंशी, मोहन लहरी प्रांतीय महासचिव, कमलेश साहू संभागाध्यक्ष दुर्ग, अनिल साव ब्लॉक अध्यक्ष, संतराम बंजारा प्रदेश कोषाध्यक्ष, गजेंद्र नायक, वारिश कुमार, सुरेश नंद सहित महासमुंद व राज्यभर से संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी रायपुर संभाग अध्यक्ष आशीष कुमार साहू ने दी है।

# भाजपा के सांसद, मंत्री ही खोल रहे सुशासन तिहार की पोल : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रदेश सरकार द्वारा मनाए जा रहे सुशासन तिहार को आम जनता के साथ मजाक बताया। चंद्राकर ने कहा कि एक तरफ साय सरकार सुशासन तिहार मनाने का ढकोसला कर रही है। वहीं, दूसरी ओर समाधान शिविरों में उन्हीं के सांसद, मंत्री सवाल उठा रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि सुशासन तिहार की सफलता प्रशासनिक कसावट पर निर्भर करता है। लेकिन, सरकार की प्रशासनिक पकड़ अत्यंत कमजोर होने के कारण अधिकारी-कर्मचारी की मनमानी के चलते उनके सारे कार्यक्रम विफल हो रहे हैं। इसका प्रमुख कारण यह भी है कि प्रदेश में आज चहुंओर नौकरशाही हावी है। सत्ता पक्ष के नेताओं से मिलीभगत कर प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी खुलेआम भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं। कई विभाग ऐसे हैं, जिनके प्रमुख अधिकारियों द्वारा सर्वोच्च सदन विधानसभा में भी भ्रामक जानकारी दे रहे हैं। इन अधिकारियों पर कार्रवाई ना कर सरकार उनके भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का काम कर रहा है। चंद्राकर ने आगे कहा कि कल सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर के दौरान बसना ब्लाक के ग्राम गनेकेरा में आयोजित कार्यक्रम में महासमुंद सांसद ने बड़ी बातें कही। उन्होंने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के शत-प्रतिशत निराकरण पर शंका व्यक्त किया था। सांसद द्वारा यह कहना कि प्रशासन उन्हें शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण होना बता रहे हैं, जबकि, सच्चाई अलग है। सांसद ने कहा कि जहां भी वे जाते हैं, उन्हें ऐसी शिकायतें मिलती है, जिसका समाधान होना सुशासन तिहार के शिविर में अधिकारियों द्वारा बताया जा रहा है। इसका अर्थ यह है कि प्रशासनिक अमला झूठे आंकड़े बताकर वाहवाही लूटने का काम कर रहे हैं।



पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि साय सरकार के सुशासन तिहार की पोल पूर्व मंत्री तथा वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी खोल कर रख दी है। केंद्र व राज्य में डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही, भ्रष्टाचार, पुलिस विभाग में बल की कमी, प्रदेश में बढ़ती महंगाई को लेकर पूर्व मंत्री द्वारा लगातार पत्र लिखा जा रहा है। जिससे यह स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है कि सरकार सुशासन तिहार के नाम केवल पब्लिसिटी स्टंट कर रहा है। इसका कोई फायदा नहीं होने वाला। स्वास्थ्य विभाग में मरीजों का उपचार, आवश्यक दवाइयों की कमी, गरीब मरीजों को इलाज नहीं मिलने से निजी अस्पतालों में कर्ज लेकर उपचार, शिक्षा विभाग में शिक्षकों की कमी, 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा पर विचार नहीं करना, पुलिस विभाग में बल की कमी से प्रदेश में बढ़ते अपराध की ग्राफ को लेकर पूर्व मंत्री व सांसद अग्रवाल ने अपने ही सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। चंद्राकर ने कहा कि उनके द्वारा पूर्व में लगातार कृषि विभाग के बड़े अधिकारियों द्वारा की गई भ्रष्टाचार की शिकायत प्रमुख सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, छत्तीसगढ़ शासन एवं कलेक्टर महासमुंद से की गई थी। विधानसभा में गलत जानकारी विभाग के अधिकारी द्वारा दी गई, जिसकी दस्तावेजों के साथ शिकायत हुई। लेकिन, दागी अफसर को ही जांच टीम में शामिल कर दिया गया तथा जांच के नाम पर खानापूर्ति कर मामले को रफा-दफा कर दिया गया। इस मामले में भी कार्रवाई नहीं होना प्रशासनिक शून्यता व सरकार की मिलीभगत को दर्शाता है। इस मामले में किसानों के साथ विभाग द्वारा घोर अन्याय किया गया। संचालक कृषि विभाग के आदेशों को धता बताकर उप संचालक द्वारा मनमाने तरीके से नियम प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए चहेते ठेकेदारों से सामग्री क्रय की गई, जो किसानों के उपयोग के थे ही नहीं। क्रय सामग्रियों का वितरण भी नहीं किया गया। आत्मा योजना के तहत भी भारी भ्रष्टाचार किया गया। कमीशन के लिए नियम विरूद्ध खरीदी की गई। जो अब ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है भ्रष्टाचार निडरता से विभाग व्याप्त है कि घूस की रकम ऑनलाइन खुद के बैंक खाते जमा करा रहे हैं। समस्त सबूतों के साथ कलेक्टर को शिकायत की गयी कलेक्टर ने उन्ही को जांच का भार सौंप दिया। जिले में नित नए जमीन घोटाले, कलेक्टर के फर्जी हस्ताक्षर से जमीन खरीदी-बिक्री की शिकायतें मिल रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411